SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB ALP CBT – 2, RPF Exam और Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 18/02/2019

Q1. पुलवामा में आतंकी हमले के बाद भारत ने किस देश से मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा वापस ले लिया है?

क. चीन

ख. जापान

ग. ऑस्ट्रेलिया

घ. पाकिस्तान

पीएम मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की बैठक में कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान से मोस्ट फेवर्ड नेशन का

दर्जा वापस ले लिया है. बैठक में रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण, गृह मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री सुषमा स्वराज, भी शामिल थी.

Q2. हाल ही में किसने बाल विवाह-2019 फैक्टशीट' नाम की एक रिपोर्ट जारी की है?

क. यूनिसेफ

ख. यूनेस्को

ग. वर्ल्ड बैंक

घ. फोर्ब्स

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र बाल निधि (UNICEF) ने बाल विवाह-2019 फैक्टशीट' नाम की एक रिपोर्ट जारी की है. जिसमे कहा है की भारत के कई क्षेत्रों में अब भी बाल विवाह हो रहा है. और बिहार, बंगाल और राजस्थान में यह प्रथा अब भी जारी है.

Q3. निम्न में से ______ के वैज्ञानिकों ने जीपीएस (GPS) का इस्तेमाल किए बिना चलने वाला 'पहला' रोबोट बनाया है?

क. फ्रेंच वैज्ञानिक

ख. अमेरिकी वैज्ञानिक

ग. ऑस्ट्रेलिया वैज्ञानिक

घ. भारतीय वैज्ञानिक

SarkariExam.Com

फ्रेंच वैज्ञानिक हाल ही में जीपीएस (GPS) का इस्तेमाल किए बिना चलने वाला ‘पहला’ रोबोट बनाया है. जो रोबोर्ट कम्पास के ज़रिए दिशा और ऑप्टिकल मूवमेंट सेंसर की मदद से तय की गई दूरी निर्धारित करता है.

Q4. सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मुहम्मद बिन हाल ही में किस देश के दो दिवसीय दौरे पर गए है?

क. चीन

ख. भारत

ग. पाकिस्तान

घ. जापान

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मुहम्मद बिन हाल ही में पाकिस्तान देश के इस्लामाबाद में दो दिवसीय दौरे पर गए है. वे इस दौरे पर पाकिस्तान के साथ 10-15 अरब डॉलर के निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे.

Q5. निम्न में से किसने पुलवामा में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवानों के बच्चो की पढ़ाई और नौकरी की पूरी जिम्मेदारी लेने की घोषणा की है?

क. रिलायंस फाउंडेशन

ख. एयरटेल फाउंडेशन

ग. अमेज़न फाउंडेशन

घ. बिल गेट्स फाउंडेशन

SarkariExam.Com

हाल ही में मुकेश अम्बानी की रिलायंस फाउंडेशन ने कश्मीर के पुलवामा में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवानों के बच्चो की पढ़ाई और नौकरी की पूरी जिम्मेदारी लेने की घोषणा की है. और उन्होंने कहा है की हमारे अस्पताल में घायल जवानों को बेस्ट चिकित्सा सेवा देने का वादा किया है.

Q6. साइना नेहवाल ने हाल ही में कौन सी बार नेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप का ख़िताब जीता है?

क. दूसरी बार

ख. तीसरी बार

ग. चौथी बार

घ. पांचवी बार

हाल ही में भारतीय महिला शटलर साइना नेहवाल ने भारतीय बैडमिंटन खिलाडी पीवी सिंधु को 21-18, 21-15 से हराकर चौथी बार नेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप का ख़िताब जीता है. इससे पहले साइना नेहवाल ने 2018, 2007 और 2006 में यह ख़िताब जीता था.

Q7. दिल्ली-एनसीआर में सभी अधूरे प्रोजेक्ट को किसने पूरा करने की घोषणा की है?

क. एनबीसीसी

ख. आम्रपाली

ग. निति आयोग

SarkariExam.Com

घ. इनमे से कोई नहीं

दिल्ली-एनसीआर में प्रॉपर्टी के सभी अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा करने की घोषणा जिम्मा नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन (एनबीसीसी) ने की है. साथ ही इन प्रोजेक्ट के लिए अलग फंड बनाने पर भी सहमति हुई है.

Q8. निम्न में से किसके कार्यकारी अध्यक्ष सीके खन्ना ने शहीदों के परिवारों को 5 करोड़ रुपए देने की मांग की है?

क. आईसीसी

ख. बीसीसीआई

ग. निर्वाचन आयोग

घ. सुचना आयोग

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के कार्यकारी अध्यक्ष सीके खन्ना ने कश्मीर के पुलवामा आंतकी हमले में शहीद हुए 40 सीआरपीएफ जवान को 5 करोड़ रुपए देने की मांग की है. उन्होंने इस सम्बधं में बीसीसीआई की प्रशासकों की समिति को पत्र लिखा है.

Q9. वर्ष 2018 में किस ई-कॉमर्स कंपनी ने 11 अरब डॉलर का मुनाफा कमाया है?

क. वालमार्ट

ख. अमेजन

ग. पेटीएम मॉल

घ. ऐजियो

SarkariExam.Com

वर्ष 2018 में ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने 11 अरब डॉलर (78 हजार करोड़ रुपए) का मुनाफा कमाया है. जबकि वर्ष 2017 में अमेजन ने 5.6 अरब डॉलर का मुनाफा अर्जित किया था. इतने मुनाफे के बाद भी अमेजन ने 2018 और 2017 में टैक्स नहीं दिया था.

Q10. शहरी मामलों के राज्यमंत्री ने किस योजना के लाभार्थियों के लिए मोबाइल एप्प लांच किया है?

क. प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

ख. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

ग. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना

घ. जिज्ञासा योजना

आवासन और शहरी मामलों के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हरदीप एस पुरी ने हाल ही में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों के लिए मोबाइल एप्प लांच किया है. इस एप्प में लाभार्थी अपने परिवारों सहित मकान की तस्वीरें खींचकर उन्हें अपलोड कर सकेंगे.

Q11. बाफ्टा अवॉर्ड्स का 72वां कार्यक्रम किस शहर के रॉयल अल्बर्ट हॉल में आयोजित किया गया है?

क. वाशिंगटन. डी.सी

ख. न्यूयॉर्क

ग. लंदन

SarkariExam.Com

घ. हैदराबाद

ब्रिटिश अकादमी फ़िल्म पुरस्कार (बाफ्टा) का 72वां कार्यक्रम लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल में आयोजित किया गया है. जिसको जोआना लुमली ने होस्ट किया है. इस कार्यक्रम के दौरान बेस्ट फिल्म का अवार्ड “रोमा” को दिया गया है.

Q12. निम्न में से कौन सा फुटबॉल खिलाडी एटलेटिको के लिए सर्वाधिक गोल करने वाला पांचवा फुटबॉलर बन गया है?

क. मिर्को वोतावा

ख. लियोनल मेसी

ग. क्लाउडियो पिजारो

घ. क्रिस्टियन रोनाल्डो

स्पैनिश फुटबॉल लीग ‘ला लीगा’ में कप्तान लियोनल मेसी ने 43वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया. इस गोल के साथ वे एटलेटिको के लिए सर्वाधिक गोल करने वाले पांचवें फुटबॉलर बन गए और उन्होंने फुटबॉलर फर्नांडो टोरेस का रिकॉर्ड तोड़ दिया है.

Q13. 3 देशों की 4 दिवसीय यात्रा किसे स्पेन के प्रतिष्ठित सम्मान ‘ऑर्डर ऑफ सिविल मेरिट’ से सम्मानित किया जायेगा?

क. नरेन्द्र मोदी

ख. रामनाथ कोविंद

ग. स्मृति ईरानी

SarkariExam.Com

घ. अरुण जेटली

विदेश मंत्री सुषमा स्वराज हाल ही में स्पेन, मोरक्को और बुल्गारिया (3 देशों) की 4 दिवसीय यात्रा पर गयी है. उन्हें स्पेन की यात्रा के दौरान ऑपरेशन मैत्री के लिए प्रतिष्ठित सम्मान 'ऑर्डर ऑफ सिविल मेरिट' से सम्मानित किया जायेगा.

Q14. सुप्रीम कोर्ट ने किस राज्य सरकार के 500 स्टैंडर्ड फ्लोर बसों की खरीद पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है?

क. पंजाब सरकार

ख. महाराष्ट्र सरकार

ग. दिल्ली सरकार

घ. गुजरात सरकार

सुप्रीमकोर्ट के सीजेआई रंजन गोगोई और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ ने हाल ही में दिल्ली सरकार द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुविधाओं वाली हाइड्रोलिक लिफ्ट लगी 500 स्टैंडर्ड फ्लोर बसों की खरीद पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है.

Q15. भारत ने विश्व बैंक के साथ मिलकर किस शहर के लिए पहले व्यावहारिक जलापूर्ति के लिए एक समझोता किया है?

क. दिल्ली

ख. शिमला

ग. सिक्किम

SarkariExam.Com

घ. पुणे

शिमला के लिए पहले व्यावहारिक जलापूर्ति के लिए भारत ने विश्व बैंक के साथ मिलकर 40 मिलियन डॉलर के एक कानूनी समझोते पर हस्ताक्षर किये है. क्योंकि शिमला के लोग गंभीर जल संकट और जल जनित बीमारियों का सामना कर रहे है.

Q16. बेल्जियम की एलिस मर्टेन्स ने किस खिलाडी को हराकर कतर ओपन में जीत हासिल की है?

क. मारिया शारापोवा

ख. वीनस विलियम

ग. सिमोना हालेप

घ. सेरेना विलियम

हाल ही में बेल्जियम की एलिस मर्टेन्स ने वर्ल्ड की नंबर 3 खिलाडी रोमानिया की सिमोना हालेप को 3-6, 6-4, 6-3 से हराकर कतर ओपन में जीत हासिल की है. इस जीते के बाद वे मर्टेन्स वर्ल्ड रैंकिंग में 16वें पायदान पर पहुंच गईं है

Q17. हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किस राज्य में सीवेज से जुड़ी आधारभूत संरचनाओं की आधारशिला रखी है?

क. केरल

ख. राजस्थान

ग. गुजरात

घ. बिहार

SarkariExam.Com

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में निर्मल गंगा की दिशा में बिहार के पटना में बाढ़, सुल्तान गंज और नौगछिया में सीवेज से जुड़ी आधारभूत संरचनाओं की आधारशिला रखी है. जिसके निर्माण में 243.27 करोड़ रुपये खर्च हुए है.

Q18. 23 साल पुराने रिकॉर्ड तोड़ते हुए कौन हाल ही में सबसे उम्रदराज गोल स्कोरर बन गया है?

क. मिर्को वोतावा

ख. लिओनेल मेस्सी

ग. क्लाउडियो पिजारो

घ. क्रिस्टियन रोनाल्डो

ब्रेमेन के क्लाउडियो पिजारो 23 साल पुराने रिकॉर्ड तोड़ते हुए हाल ही में सबसे उम्रदराज गोल स्कोरर बन गया है. उन्होंने 40 वर्ष और 136 दिन की आयु में गोल करके 23 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा है इस पहले 1996 ने यह रिकॉर्ड मिर्को वोतावा के नाम था.

Q19. रेलवे बोर्ड के पूर्व चेयरमैन अश्वनी लोहानी को हाल ही में ______ का चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर नियुक्त किया गया है?

क. किंगफ़िशर

ख. एयर इंडिया

ग. एयरटेल इंडिया

घ. फ्रेंक्लिन

SarkariExam.Com

हाल ही में रेलवे बोर्ड के पूर्व चेयरमैन अश्वनी लोहानी को कर्ज में डूबी एयर इंडिया का चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर नियुक्त किया गया है. वे आईआरएसएमई के 1980 बैच के अधिकारी रहे चुके है.

Q20. 83वें नेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप का ख़िताब हाल ही में किस खिलाडी ने तीसरी बार जीता है?

क. सौरभ वर्मा

ख. लक्ष्य सेन

ग. लक्ष्य वर्मा

घ. श्रीकांत किन्दम्बी

हाल ही में 83वें नेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप का ख़िताब भारतीय बैडमिंटन खिलाडी सौरभ वर्मा ने तीसरी बार जीत लिया है. उन्होंने फाइनल मुकाबले में लक्ष्य सेन को 21-18, 21-13 से हराकर यह ख़िताब जीत लिया है.

SarkariExam.Com